Roll No. ....

92104

B. A. (Pass) 3rd Semester Examination – December, 2022

HINDI (COMP.)

Time : Three Hours] *[Maximum Marks : 80*

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

नोट : निर्देशानुसार ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. किन्हीं ***दो*** काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : $6 \times 2 = 12$

(क) कोई पत्ता नवल तरु का, पीत जो हो रहा हो।
तो प्यारे के दृग युगल के, सामने ला उसे तू
धीरे-धीरे सँभल रखना औ उन्हें यो बताना
पीला होना प्रबल दुख से, प्रोषिता लौं हमारा।

(ख) रुक-रुक कर कुछ इठलाता जैसे कुछ ही वह भूला।
नव कनक-कुसुम रज धूसर मकरंद जलद या फूला
जैसे वन लक्ष्मी ने ही बिखराया हो केसर रज;
या हेमकूट हिम जल में झलकता परछाई निज।

(ग) पथ को न मलिन करता आना,
पदचिह्न न दे जाता जाना,
सुधि मेरे आगम की जग में
सुख की सिहरन हो अंत खिली।

(घ) भरी सभा के बीच उन्होंने
सजग किया थ सबको,
पग-पग पर संयम का शुभ
उपदेश दिया था सबको।

2. मैथिलीशरण गुप्त *अथवा* महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय दीजिए। 8

3. किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर लगभग 150-150 शब्दों में दीजिए : $4 \times 4 = 16$

(क) 'पवनदूती' नामक रचना के आधार पर राधा के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'भारत-भारती' की लोकप्रियता पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'आँसू' नामक कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'विधवा' कविता के आधार पर भारतीय विधवा की दुर्दशा का वर्णन कीजिए।

(ङ) 'कौन तुम मेरे हृदय में' शीर्षक कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(च) 'फूल के बोल' नामक कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

4. किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 4 = 16$

(क) रीतिकाल की प्रमुख परिस्थितियों का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।

(ख) रीतिमुक्त काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) रीतिकालीन काव्य की प्रमुख उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

(घ) रीतिमुक्त काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

5. किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर 150-150 शब्दों में दीजिए : $5 \times 2 = 10$

(क) देव कवि का परिचय दीजिए।

(ख) बिहारी रीतिकाल के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं। स्पष्ट कीजिए।

(ग) रीतिकालीन साहित्य में भक्ति भावना का परिचय दीजिए।

(घ) रीतिकाल की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 2 = 10$

(क) कम्प्यूटर का महत्त्व

(ख) अनुवादक के गुण

(ग) ई-मेल से क्या अभिप्राय है ? इसे कैसे प्रेषित किया जाता है ?

(घ) मशीनी अनुवाद की परिभाषा दीजिए।

7. *सभी* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

(क) 'हरिऔध' का पूरा नाम क्या है ?

(ख) 'भारत-भारती' किस कवि की रचना है ?

(ग) 'आँसू' कविता के रचयिता का नाम लिखिए।

(घ) 'निराला' किस काव्यधारा के कवि थे ?

(ङ) हिन्दी साहित्य में पीड़ा की देवी कौन है ?

(च) रीतिकालीन काव्यभाषा क्या थी ?

(छ) केशव को 'कठिन कांव्य का प्रेत' किस आलोचक ने कहा ?

(ज) अनुवाद के दो प्रकार बताइए।